
## सुविचार



व्यक्ति अपने विचारों के सिवाय कुछ नहीं है। वह जो सोचता है, वह बन जाता है।
– महात्मा गांधी

## बरेली के प्रमुख समाचार


- भारतीय वस्तुओं का अमेरिका बड़ा बाजार, निर्यात में होगी वृद्धि -II
- करोड़ों खर्च फिर भी शुरू नहीं हो सके स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट -III
- दीक्षांत समारोह : हर्ष और उत्कर्ष को 'श्रीराम मूर्ति गोल्ड मेडल -IV


## सिटी ब्रीफ

### लूट की झूठी सूचना देने पर युवक पर कार्रवाई

**बरेली/आंवला अमृत विचार :** बाइक पर पत्नी के साथ जा रहे दंपति पर दूसरे युवकों ने अश्लील कमेंट किये पत्नी ने विरोध किया तो युवकों ने अभद्रता की। युवकों को सबक सीखाने के डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को परेशान कर दिया। जांच में यह मामला झूठा निकला तो पुलिस ने सूचना देने वाले युवक पर कार्रवाई की है। अनिल निवासी पुसगवां थाना वजीरगंज ने बताया कि शनिवार को वह पत्नी संगीता के साथ ग्राम दलीपुर से पुसगंवा जा रहा था। दलीपुर गांव से आगे एक सफेद बाइक सवार लोगों ने पत्नी पर गंदे कमेंट करें, जिसका विरोध मेरे व मेरी पत्नी द्वारा किया गया। बतया कि इसके बाद उसने डायल 112 पर मारपीट व कुण्डल छीन लेने की सूचना पुलिस को दी। अनिल ने बताया कि घटना के समय उसकी पत्नी के पास आर्टिफिशियल कुंडल थे जो उसके पर्स में रखे थे पुलिस की जल्दी कार्रवाई के लिए मैंने प्लान रचा। अनिल ने अपने झूठे कृत्य पर पुलिस से माफी मांगी है। प्रभारी निरीक्षक केवी सिंह ने बताया कि झूठा आरोप रचने पर अनिल पर कार्रवाई की गई है।

## शहर में आज

- दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विंडरमेयर थियेटर फेस्ट नाटक रात काफी हो चुकी का मंचन शाम 6 बजे से।
- कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा श्रमधाम युगवीणा पार्किंग का उद्घाटन सुबह 8 बजे।
- सौ फुटा रोड स्थित एमईएस कॉलोनी स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर में अखंड रामायण पाठ का समापन शाम 6 बजे।
- श्री सोमनाथ मंदिर में सामूहिक विवाह दिन में 11 बजे से।

## भक्ति का उल्लास



बरेली शहर में निकाली गयी इस्कॉन शोभायात्रा के दौरान नृत्य करतीं भक्ति में डूबी महिलाएं। (संबंधित खबर पेज IV पर) • अमृत विचार

## बाइक सवार पर थूकने में मारपीट दो घायल

**बरेली/भमोरा, अमृत विचार :** बस में बैठी सवारी ने गुटखा की पीक खिड़की से थूकी तो बगल से गुजर रही बाइक सवार पर गिरी। इसका विरोध करने मारपीट शुरू हो गई। पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम हांसमपुर निवासी सुरजीत ने बताया कि वह दोस्त दिलशाद के साथ बाइक से बरेली जा रहा था। देवचरा धर्म काटे के पास बस में बैठे किसी व्यक्ति ने गुटका की पीक खिड़की से थूक दी। जो बाइक सवारों पर गिरी। विरोध जताने पर बस में बैठे बाराती मकरन्दपुर निवासी सौरभ, अर्जुन, पवन व सुरजीत ने मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए गांव निवासी वेदपाल को भी मारा पीटा।

## रेस्टोरेंट की लिफ्ट में 30 मिनट फंसे रहे बच्चों समेत 10 लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पहली मंजिल से ऊपर जाते समय लिफ्ट रास्ते में अटकीबच्चों के दम घुटने जैसे हालात बनने से मची चीख-पुकार

**अमृत विचार :** राजेंद्र नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में रविवार की शाम लिफ्ट में 10 बच्चे 30 मिनट तक फंसे रहे। लिफ्ट में बच्चों के फंसे होने की सूचना पर रेस्टोरेंट में अफरा तफरी मच गई। लिफ्ट का दरवाजा तोड़कर निकल गया।

बताया जा रहा है कि भाजपा नेता संजीव शर्मा की बेटी की ननद, कुछ बच्चों समेत कुल 10 लोग रेस्टोरेंट की लिस्ट में फंस गए। लिफ्ट प्रथम फ्लोर से ऊपर जा रही थी, लेकिन ऊपर पहुंचने से पहले ही अचानक रुक गई। ऐसे में 30 मिनट तक बच्चे लिफ्ट में फंसे रह गए, जिससे बच्चों के दम घुटने जैसे हालात बन गए और चीख-पुकार मच गई। होटल मैनेजमेंट के लोग और कर्मचारी लिफ्ट के पास जुट गए और उन्हें निकालने की जुगत में जुट गए।

सूचना पर हिंदू संगठनों से जुड़े नेता प्रवीण भारद्वाज, कमल राणा और समिति के सदस्य और अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। कमल राणा ने लिफ्ट का दरवाजा तोड़कर सभी लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद रेस्टोरेंट संचालक और लिफ्ट में फंसे बच्चों के परिजनों ने राहत की सांस ली।

# जिले में भारी मात्रा में तैयार हो रहा मिलावटी सरसों तेल

## इंडोनेशिया और मलेशिया में निर्मित पॉम ऑयल के साथ राइस ब्रान ऑयल मंगाकर मिलावट किए जाने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कई फैक्ट्रियों में मिलावटी सरसों तेल तैयार होने की सूचनाएं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि आयुक्त तक पहुंचीं
- पूर्व में अधोमानक या अनसेफ सैंपल मिलने पर फैक्ट्री और कारोबारियों की शासन ने तलब की थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** जनपद में बड़े स्तर पर सरसों के तेल में मिलावट हो रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि आयुक्त तक शिकायतें पहुंच रहीं हैं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल ने इसकी पुष्टि की है। बरेली में पूर्व में सरसों के तेल में पॉम ऑयल की मिलावट होने की पुष्टि हो चुकी है। सर्दी में कई कारोबारी राइस ब्रान ऑयल मंगाकर सरसों के तेल में मिला रहे हैं। इसमें कुछ सरसों तेल व कलर मिलाकर विभिन्न ब्रांडों के नाम से बाजार में भेजा जा रहा है। एक माह में कई जगहों पर हुई छापेमारी में बड़े स्तर की मिलावट का शक है।

सरसों के तेल की बरेली बड़ी मंडी है। बरेली जनपद की बात करें तो करीब 55 लाख की आबादी जिले की है। एक परिवार में यदि 8 सदस्य गिने जाएं तो जनपद में 687500 परिवार होंगे। एक परिवार में प्रतिदिन सौ ग्राम तेल की खपत का औसत है। इस तरह प्रतिदिन 68750 किलोग्राम सरसों तेल की खपत हो रही है, इतनी मात्रा में तेल की खपत के सापेक्ष सरसों तो बरेली व आसपास पैदा भी नहीं हो रही है। एफएसडीए के अधिकारियों ने बताया कि पिछले दो साल में बरेली जनपद में तेल के कितने सैंपलिंग अनसेफ और सबस्टैंडर्ड आए थे, इसकी रिपोर्ट शासन ने मांगी थी। उसी रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद बरेली में तेल में मिलावट की आशंका पर छापेमारी की जा रही है। शहर के माधोबाड़ी में तेल की पुरानी कई फैक्ट्रियां हैं, पिछले दिनों यहां से खुला तेल बिक्री के लिए बिना लिखा-पढ़त के दूसरे ठिकाने पर ई-रिक्शा से पहुंचाया जा रहा था, उसे जब्त किया गया था। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल ने बताया कि ब्रह्मपुरा नई बस्ती से लाए जा रहे खुले तेल के नमूनों की जांच रिपोर्ट अभी आई नहीं है। यह मालूम किया जा रहा है कि खुला तेल कहां-कहां बेचा जा रहा है।

### सैंपल लखनऊ प्रयोगशाला में रिसीव कराए गए

एफएसडीए के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल ने बताया कि खण्डेलवाल एडिबिल ऑयल फैक्ट्री में छापा मारकर कई ब्रांडों के नाम से बेचे जाने वाले तेल के टैंकों से आठ नमूने भरे थे। उन नमूनों को लखनऊ की प्रयोगशाला में रिसीव करा दिया है। जल्द रिपोर्ट मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट से मिलावट की स्थिति स्पष्ट होगी। बता दें कि शनिवार को शाहजहांपुर और बरेली के अधिकारियों ने फैक्ट्री में छापा मारकर 22273 किलोग्राम तेल सीज किया, जिसकी कीमत 31.55 लाख रुपये बतायी गई। इधर, खण्डेलवाल एडिबिल ऑयल फैक्ट्री के मालिक दिलीप खंडेलवाल का कहना है कि सैंपलिंग होना रुटीन प्रक्रिया है, पहले भी हुई है। कुछ माल सीज किया है, नमूनों की रिपोर्ट आते ही बिक्री से रोक हट जाएगी।



ड्रमों में भरा खुला सरसों का तेल ले जाता ई-रिक्शा। • फाइल फोटो

## मॉर्निंग रेड में 146 घरों में पकड़ी गई बिजली चोरी


**बरेली, अमृत विचार:** जोन प्रथम के शहर से लेकर देहात तक में शनिवार के बाद रविवार की सुबह भी बिजली चोरी पकड़ने के लिए मॉर्निंग रेड की गई। अभियान के दौरान 146 घरों में मौके पर बिजली चोरी होते हुए मिली। बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि लाइन लॉस काम करने के लिए बिजली चोरी पर अंकुश लगाया जा रहा है। अभियान के दौरान करीब 800 घरों को चेक किया गया। इसमें 146 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। इनके खिलाफ एंटी पावर थेफ्ट थाने में बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अभियान के दौरान छह लाख रुपये बकाया बिजली बिल भी जमा कराया गया।

# बोर्ड परीक्षा से पहले केंद्रों पर पहुंचने लगीं उत्तर पुस्तिकाएं, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

- 18 फरवरी से शुरू होगी परीक्षा 13 तक सभी 129 केंद्रों पर पहुंचेंगी कॉपियां
- हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के जिले में पांच लाख उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुईं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में रखीं उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण करते कर्मचारी।

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। जिले के परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं की शुक्रवार से आपूर्ति शुरू हो गई है। पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए कंट्रोल रूम से तहसीलवार उत्तर पुस्तिकाएं भेजी जा रही हैं। तीन दिनों में 50 परीक्षा केंद्रों पर लगभग एक हजार उत्तर पुस्तिकाएं पहुंचाई जा चुकी हैं। शेष केंद्रों पर वितरण का कार्य 13 फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा।

बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होनी है, जिसे लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग सतर्कता बरत रहा है। परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्रों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त होते ही इन्हें संबंधित केंद्रों के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों को चालू कर दिया गया है। इसके अलावा खिड़की, दरवाजों की मरम्मत, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और पीने के पानी की सुविधा सुनिश्चित की जा रही है।

जिले के लिए हाईस्कूल और इंटर में पंजीकृत 95 हजार से अधिक बच्चों के लिए लगभग पांच लाख उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई हैं। डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही परीक्षा के दौरान निगरानी के लिए उड़नदस्तों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की योजना तैयार की जा रही है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## सामुदायिक थ्रेसिंग फ्लोर स्थापित करने को मांगे आवेदन

**बरेली, अमृत विचार:** उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडे ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत जनपद में दो सामुदायिक थ्रेसिंग फ्लोर स्थापित किए जाएंगे।

इच्छुक एफपीओ, किसान समूह और किसान विभागीय वेबसाइट http://agridarshan.up.gov.in पर 13 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। प्रत्येक फलोर की लागत 1.70 लाख रुपये होगी, जिसमें 50 प्रतिशत या अधिकतम 50 हजार रुपये का अनुदान मिलेगा।

थ्रेसिंग फ्लोर आयताकार 20 मीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा या गोलाकार 8 मीटर त्रिज्या का होगा। लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर लाभार्थी का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ई-लाटरी से किया जाएगा। कृषकों से आग्रह किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में बुकिंग कराकर योजना का लाभ उठाएं और अपनी आय बढ़ाएं।

# काउंटर-मैगनेट मैन्युफैक्चरिंग रीजन के रूप में रोहिलखंड को विकसित करने पर चर्चा

## होटल में हुए संवाद कार्यक्रम में आईआईए चेयरमैन दिनेश गोयल ने प्रस्तुत किया रोडमैप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के नेतृत्व में सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, लघु उद्योग भारती, रोहिलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन (आरएमए) समेत सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से "रोहिलखंड को काउंटर-मैगनेट मैन्युफैक्चरिंग रीजन के रूप में विकसित करने के विषय पर एक प्रस्तुति संवाद कार्यक्रम का आयोजन सिविल लाइन स्थित एक होटल में किया गया।

कार्यक्रम में इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन (आईआईए) के अध्यक्ष दिनेश गोयल ने रोहिलखंड को भविष्य के लिए तैयार एक सशक्त औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए विस्तृत रणनीतिक रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने संतुलित क्षेत्रीय विकास, औद्योगिक विविधीकरण, एमएसएमई सशक्तिकरण और क्लस्टर आधारित औद्योगिक विकास के साथ-साथ तकनीकी उन्नयन (तकनीक उच्चीकरण), उत्पादन प्रक्रियाओं की गुणवत्ता प्रखरता, आकर्षक एवं वैश्विक मानकों वाली पैकेजिंग पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम में उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लगभग 25 विशिष्ट प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। दिनेश गोयल ने कहा कि रोहिलखंड क्षेत्र सड़क एवं रेल संपर्क, पर्याप्त भूमि की उपलब्धता, एनसीआर की तुलना में कम प्रदूषण स्तर रखता है। उन्होंने तकनीक आधारित उद्योगों, कौशल विकास, स्टार्टअप्स, सर्कुलर इकॉनॉमी मॉडल और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से उद्योगों को वैश्विक मूल्य श्रृंखला से जोड़ने को इस विकास की मजबूत आधारशिला बताया। प्रमुख रूप से उपस्थित प्रतिभागियों में डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. स्वतंत्र कुमार, पावन अग्रवाल, अशोक मित्तल, निखिल अग्रवाल, नीरज गोयल, तनुज भसीन शामिल रहे।



रोहिलखंड को काउंटर-मैगनेट मैन्युफैक्चरिंग रीजन के रूप में विकसित करने पर चर्चा करते उद्यमी। • अमृत विचार

## बुनियादी ढांचे का विकास

रामगंगा नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तैयार, कन्वेंशन सेंटर और लाइब्रेरी का काम अंतिम चरण में

# बदलता बरेली : बीडीए की तीन बड़ी परियोजनाएं देंगी शहर को नयी पहचान

- एक ही एजेंसी करेगी तीनों परियोजनों का संचालन प्राधिकरण ने शुरू की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली




मेजर ध्यान चंद स्पोर्टस काम्पलेक्स। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** रामगंगा नगर आवासीय योजना की दो परियोजनाएं अब शहर की पहचान बदलने की दहलीज पर खड़ी है। यहां तैयार हुआ अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और लगभग पूर्ण हो चुका कन्वेंशन सेंटर न केवल बुनियादी ढांचे की मजबूती का संकेत हैं, बल्कि शहर के सामाजिक-सांस्कृतिक और खेल भविष्य की दिशा भी तय करेंगे। इसके अलावा चार मंजिला आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण है। तीनों परियोजनाओं के संचालन के लिए एक ही एजेंसी का चयन किया जाएगा, जिसके लिए इसी माह निविदा आमंत्रित करने की तैयारी है। प्राधिकरण का लक्ष्य है कि अप्रैल तक इन सुविधाओं को आमजन के लिए खोल दिया जाए।

बरेली विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता एपीएन सिंह के अनुसार, रामगंगा नगर में विकसित की गई ये परियोजनाएं शहर के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पूरी तरह आधुनिक मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, वहीं कन्वेंशन सेंटर का शेष निर्माण कार्य भी तेज गति से चल रहा है। दोनों के बेहतर और व्यवस्थित संचालन को ध्यान में रखते हुए एक ही एजेंसी को जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। कन्वेंशन सेंटर में 600 और 200 लोगों की क्षमता वाले दो कॉन्फ्रेंस हॉल बनाए गए हैं। इसके अलावा 15 वातानुकूलित कमरे, विवाह और बड़े आयोजनों के लिए आकर्षक लॉन, 300 वाहनों की पार्किंग सुविधा, स्वीमिंग पूल, चेंजिंग रूम, बैंक्वेट हॉल विकसित की जानी हैं। वहीं, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 860 वर्गमीटर का मल्टीपर्पज इंडोर हॉल, टेबल टेनिस और स्क्वैश कोर्ट, जिम, बॉक्सिंग और वॉलीबॉल कोर्ट, क्रिकेट प्रैक्टिस पिच तैयार किए गए हैं। इन परियोजनाओं के शुरू होने से न केवल खेल प्रतिभाओं को नया मंच मिलेगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

### बीडीए की दूरदृष्टि से रामगंगा नगर बना विकास का मॉडल

बीडीए ने रामगंगा नगर आवासीय योजना में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित कर शहर को बड़ी सौगात दी है। यहां अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार हो चुका है, जबकि कन्वेंशन सेंटर का निर्माण अंतिम चरण में है। इसके अलावा सेक्टर आठ में विकसित हो रही चार मंजिला आधुनिक लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी पुस्तकों के साथ किस्से, कहानी, उपन्यास व पुस्तकों का संग्रह होगा। यहां कंप्यूटर लैब के साथ कर्मचारियों व प्रबंधन के लिए कार्यालय, रेस्ट रुम, स्टोरेज और मीडिया सेंटर के साथ फूड कोर्ट और ओपन एरिया रेस्टोरेंट भी बनाया जाएगा। आमजन को समर्पित होने वाली ये सुविधाएं युवाओं, खिलाड़ियों और शहरवासियों के लिए नए अवसर खोलेंगी और रामगंगा नगर को शहर के सबसे आकर्षक केंद्र के रूप में स्थापित करेंगी।



"रामगंगा नगर आवासीय योजना में बरेली विकास प्राधिकरण की ओर से विकसित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और आधुनिक लाइब्रेरी युवाओं एवं मेधावियों के सपनों को नई उड़ान देंगे। यहां शिक्षा, खेल और प्रतिभा विकास के लिए उत्कृष्ट माहौल तैयार किया गया है। वहीं कन्वेंशन सेंटर सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# कभी दुनिया भर में थी विमको माचिस की धूम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआरएमएस ट्रस्ट ने खरीदा, अब तैयार होंगे टेक्नोक्रेट और स्किल्ड यूथ
- नए स्टार्टअप्स के साथ युवाओं को मुहैया कराएंगे रोजगार, बढ़ेगी आय

**अमृत विचार :** सीबीगंज में स्थित माचिस बनाने वाली फैक्ट्री विमको (वेस्टर्न इंडियन मैच कंपनी) कभी देश-दुनिया में धूम मचाए थी। सैकड़ों बीघा में फैली विमको को 2013 में आईटीसी (इंडियन टोबैको कंपनी) लिमिटेड ने खरीद लिया था, लेकिन यहां उत्पादन नहीं शुरू हो पाया। अब स्किल डेवलपमेंट विश्वविद्यालय बनने से हुनरमंद छात्र तैयार होंगे।

दरअसल, दिवंगत अभिनेता राजेश खन्ना की ''अमर प्रेम'' फिल्म में चमकने वाली विमको माचिस रामपुर रोड पर सीबीगंज में स्थित फैक्ट्री विमको में तैयार होती थी। विमको के पॉपुलर ब्रांड की दुनिया भर में मांग थी। फैक्ट्री 12 साल पहले इंपीरियल टोबैको कंपनी (आईटीसी लिमिटेड) में विलय होने के बाद अब फिर बिक गयी है। इस फैक्ट्री को एसआरएमएस ट्रस्ट ने खरीदा है। आईटीसी लिमिटेड (इंपीरियल टोबैको कंपनी) में 2013 विमको फैक्ट्री का विलय हो गया था। जनवरी, 2015 से सीबीगंज इकाई में कोई विनिर्माण कार्य नहीं हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस इकाई की स्थापना अंग्रेजों के समय वर्ष 1929 में हुई थी। फैक्ट्री में जनवरी 2015 तक 663 कर्मचारी कार्यरत थे। इन सभी कर्मचारियों को 2015 में ही वीआरएस दिया गया था।

## सिटी ब्रीफ

### कोना छोड़ो अभियान में 39 वाहनों के चालान

बरेली, अमृत विचार : यातायात पुलिस द्वारा लगातार 11 वें दिन रविवार को कोना छोड़ो अभियान चलाया गया। जिसमें यातायात पुलिस द्वारा शहर के चौराहों, तिराहों पर अस्थाई अतिक्रमण एवं अवैध रुप से खड़े आटो/ई-रिक्शा व अन्य वाहनों को हटाकर कार्रवाई की। कोना छोड़ो अभियान में कार्यवाही करते हुए 39 ऑटो/टैम्पो एवं ई-रिक्शा के चालान किये गये एवं फल-सब्जी के ठेलों आदि को हटवाया गया। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि सुगम यातायात व्यवस्था के लिए भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### जमीन बंटवारे को लेकर चाचा को पीटा

बरेली, अमृत विचार : जमीन के बंटवारे को लेकर हुई कहासुनी में भतीजों ने चाचा को पीटकर घायल कर दिया। बिथरी चैनपुर पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के उड़ला जागीर निवासी मुन्ना लाल ने बताया कि शनिवार की सुबह उसके भतीजे, अनिल, विजेंद्र से जमीन के हिस्से के बंटवारे को लेकर काहसुनी हो गई थी। जिसमें उसके भतीजे गालियां देने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे लाठी-डंडो से पीटकर घायल कर दिया। मारपीट में उसके कई जगह पर चोटें आईं। राकेश, अनिल, विजेंद्र के खिलाफ बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरु कर दी है।

### गाली देने के विरोध पर पिता-पुत्र को अधमरा किया

बरेली, अमृत विचार : इज्जत नगर थाना क्षेत्र के म्यूड़ीरानी मेवा कुंवर निवासी लालाराम ने बताया कि शुक्रवार को गांव का रहने वाला सचिन पटेल बिना बात के गालियां दे रहा था। तभी उसके बेटे देवेन्द्र पटेल ने विरोध किया तो वह उसे भी गालियां देने लगा। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट करके उसे घायल कर दिया। इसके बाद चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। वह अपने बेटे को बचाने गया तो उसे भी पीटकर कर घायल कर दिया। इज्जत नगर पुलिस ने सचिन पटेल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भारतीय वस्तुओं का अमेरिका बड़ा बाजार, निर्यात में होगी वृद्धि

## बोले उद्यमी, अमेरिकी सरकार के टैरिफ घटाने से लघु-मध्यम उद्यमियों को मिलेंगे नए अवसर, अर्थव्यवस्था में आएगी तेजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौता लागू होने से व्यापारी और उद्यमियों में उत्साह और खुशी देखने को मिल रहा है। उनका कहना है कि भारतीय उत्पादों पर ट्रंप टैरिफ घटाने से व्यापार में काफी रफ्तार आएगी। अमेरिका में भारतीय वस्तुओं का बड़ा बाजार है, जिससे निर्यात में तेजी से वृद्धि होगी। लघु एवं मध्यम उद्यमियों को भी नए अवसर मिलेंगे। अर्थव्यवस्था मजबूत होने के साथ ही विकास में भी रफ्तार आएगी। हालांकि अभी भी 18 प्रतिशत टैरिफ लगा रहेगा। पचास प्रतिशत को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा से बेहतरी की उम्मीद जगी है। बरेली के जरी-जरदोजी कारोबार को मजबूती मिलेगा और कारीगरों के कमाई अवसर बढ़ेंगे।



औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा। ● अमृत विचार

- उद्यमियों ने कहा, बढ़ेगा कारोबार और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे
- बरेली के जरी-जरदोजी का निर्यात बढ़ेगा, कारीगरों को कमाई बढ़ेगी

दरअसल, ट्रंप टैरिफ की मार से बेजान हो रहे निर्यात में एक बार अब टैरिफ कम होने से फिर से जान आ गई है। नए आर्डर मिलने के लिए निर्यातक आशान्वित हैं। उन्हें टैरिफ घटने से कारोबार को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में कई आशंकाओं के चलते पिछले कई महीने से उद्यमियों के चेहरे पर मायूसी थी। वह सरकार की ओर नजर जमाए हुए थे। वहीं वैश्विक बाजार में नई संभावनाएं तलाश कर पर्यटन वाले देशों की ओर रुख किया जा रहा था। अब ट्रंप टैरिफ में कटौती करने की घोषणा से नई उम्मीद जगी है।


भारतीय वस्तुओं का अमेरिका बड़ा बाजार है। ट्रंप टैरिफ कम होने से हमारे निर्यात में वृद्धि होगी और लघु एवं मध्यम उद्यमियों को नए अवसर प्राप्त होंगे। अर्थव्यवस्था में जहां तेजी आएगी वहीं, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कुल मिलाकर यूरोपीय यूनियन व अमेरिका से होने वाले व्यापारिक समझौते भारत के विकास की गति में एक बार फिर से मील का पत्थर साबित होंगे।

**राजेश जसोरिया**, महानगर महामंत्री, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बरेली


भारत और अमेरिका निर्यात संघ एक बहुत ही अच्छा कूटनीतिक कदम है। 50 फीसदी से 18 फीसदी टैरिफ से निर्यात उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। साथ में उद्योग जगत में संदेश जाएगा कि भारत और अमेरिका के संबंध अच्छे हैं। निर्यात व्यापार केवल दोस्त देशों में ही अच्छी तरह से संभव है। अगर किसी देश के साथ संबंध खराब हो जाते हैं तो निर्यात व्यापार अच्छे से नहीं हो पाता और रिस्क लेवल बहुत बढ़ जाता है।

**आशुतोष शर्मा**, अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती


अमेरिका से व्यापार समझौता होने से विशेषकर गारमेंट एवं फार्मा सेक्टर को दोबारा से अमेरिका में व्यापार करने का द्वार खुल गया है। यह सरकार की बहुत ही बारीकी जीत है। व्यापार समझौते की लंबे समय से इंतजार थी। यह समझौता श्रम-प्रधान उद्योगों को वास्तविक लाभ देगा। इसके लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूं।

**बिमल रेवाड़ी**, सीईसी मेंबर, आईआईए


भारत ने यूरोपीय संघ के साथ जिस ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप दिया उसे मदर ऑफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। उसके साथ ही अमेरिका के साथ व्यापार समझौता निश्चित ही हमारे श्रम-प्रधान क्षेत्र जैसे फुटवियर एवं लेदर गुड्स, वस्त्र एवं परिधान, हस्तशिल्प, खिलौने, टेक्सटाइल उद्योगों को बल मिलेगा। एमएसएमई उद्योग के हित में है। इस बढ़े हुए टैरिफ को वापस लेना स्वागत योग्य है।

**अभिनव अग्रवाल**, उद्यमी

## बीसी के पैसे को लेकर रिश्तेदारों में मारपीट, 4 नामजद

बरेली, अमृत विचारः बीसी के पैसों को लेकर रिश्तेदारों में आपस में मारपीट हो गई। इस पर इज्जतनगर पुलिस ने महिला की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के शिव स्टेट कॉलोनी निवासी चमन जहां ने बताया कि उनकी बहन मुशर्रत जहां बीसी का काम करती है। उन्होंने काफी लोगों का पैसा लेकर दामाद और बेटे को दिया। पैसे मांगने पर वह बहाना कर देती है। इसी को लेकर उसकी बहन की बेटी रिफा खान, उसके पति अली अदनान खान निवासी प्रयागराज, उसकी सास शगुप्ता, दामाद अजीज खान ने उसके घर पर आकर गाली गलौज की। विरोध करने पर पर उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। कामरान खान, मुशर्रत जहां, रिफा खान, अली अदनान, शगुप्ता, अजीज खान के खिलाफ इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरु कर दी है।

# हिस्ट्रीशीटर कन्हैया गुलाटी पर चार और मुकदमे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : महाठग कन्हैया गुलाटी की हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद भी मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। अब चार अलग-अलग पीड़ितों ने 65.50 लाख की ठगी के चार मुकदमे दर्ज कराए हैं। पीड़ितों का आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर कन्हैया गुलाटी जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी के खिलाफ चार अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए हैं।

### कंपनी में निवेश के नाम पर लिए 20 लाख रुपये

**केस 1** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के संगम विहार करमपुर चौधरी निवासी फरीद खान ने बताया कि उसने अपने भाई बहनों के साथ मिलकर कैनविज कंपनी में करीब 20 लाख रुपये का निवेश किया था। इसके बाद कन्हैया गुलाटी पैसा ठगकर भूमिगत हो गया। व्हाट्सएप कॉल पर पैसे वापस मांगने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। युवक ने बताया कि उसने पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी और आशीष महाजन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### मीरगंज के युवक से ठगे 5 लाख

**केस 2** मीरगंज थाना क्षेत्र के लभेड़ा दुर्गा प्रसाद निवासी विक्रम कुमार मौर्य ने बताया कि उसने कैनविज कंपनी में 5 लाख रुपये का निवेश किया था। उसके साथ 121 लोगों ने कई करोड़ रुपये निवेश किए थे। कन्हैया गुलाटी सभी का पैसा ठगकर भूमिगत हो गया। अब उसका मोबाइल नंबर भी बंद है। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### दंपती से 35 लाख लेकर भूमिगत

**केस 3** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर निवासी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि उसने और उसकी पत्नी ने कैनविज कंपनी में 35 लाख रुपये का निवेश किया था। उसके बाद कंपनी और कन्हैया गुलाटी अचानक से भूमिगत हो गए। अब उनका मोबइल नंबर भी बंद जा रहा है। पुलिस से शिकायत करने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद अब कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी और सीईओ आशीष महाजन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### 5.50 लाख लेकर फरार, रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी

**केस 4** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर निवासी दिलीप कुमार ने बताया कि उसने अपने भाई बहनों के साथ मिलकर कैनविज कंपनी में लगभग 5 .50 लाख रुपये लगाए थे, लेकिन उसके बाद कंपनी और कन्हैया गुलाटी समेत अन्य लोग पैसा लेकर भूमिगत हो गए। आरोप है कि व्हाट्सएप कॉल पर कन्हैया गुलाटी पैसे मांगने या पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी और सीईओ आशीष महाजन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

- पुलिस ने 65.50 लाख की ठगी में नहीं की कार्रवाई, पीड़ितों ने कोर्ट का लिया साहरा
- बारादरी थाने में लिखे गए चारों मुकदमे, सीईओ भी नामजद

# कार की टक्कर से टूटे बिजली के खम्भे, 400 घरों में बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः कार की टक्कर से 100 फुटा रोड पर रविवार की दोपहर बिजली के तीन पोल टूट गए। जिससे करीब 400 घरों में शाम तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। शहर के अन्य इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हुए।

शहर से बिजली कटौती का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कभी फाल्ट तो कभी शटडाउन से बिजली कटौती की जा रही है। रविवार की दोपहर को 100 फुटा रोड पर वीर सावरकर नगर, सुमन विहार के पास तेज रफ्तार कार ने बिजली के तीन पोल तोड़ दिए। जिससे करीब 400 घरों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। क्षेत्र के रहने वाले उपभोक्ता धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि लगातार बिजली कटौती होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।


तेज रफ्तार कार की टक्कर से टूटा बिजली का खंभा। ● अमृत विचार

- वीरसावरकर नगर में दोपहर से शाम तक रही दिक्कत

वहीं रविवार की शाम कुतुबखाना सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या रही। सिविल लाइंस प्रथम और तृतीय में भी बिजली का संकट होने की शिकायत रामपुर गार्डन स्थित हेल्पडेस्क पर पहुंचती रही। पीरबहोड़ा फीडर के नर्सरी कॉलोनी के ट्रांसफार्मर पर भी रविवार को काम कराने के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रही।






# गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में संगत ने किया गुरु महिमा गुणगान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हर वर्ष की परंपरा के अनुसार रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सज सभा में संत बाबा सुंदर सिंह बेदी, संत बाबा भाग सिंह और संत बाबा करतार सिंह की पावन स्मृति में विशाल कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर गुरु महिमा का गुणगान किया।

कार्यक्रम की शुभारंभ रविवार सुबह तीन दिनों से चल रहे श्री अखंड पाठ की विधिवत समाप्ति के साथ हुआ। इसके पश्चात कीर्तन कौंसल से आए रागी जत्थों ने मधुर शबद-कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। गुरबाणी कीर्तन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। दोपहर में कीर्तन समागम की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। लंगर सेवा में सेवादारों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरवंत पाल सिंह बेदी, सचिव त्रिलोचन सिंह सलूजा के साथ उपकार सिंह बंकू, मिंटू छाबड़ा, हैप्पी बेदी, दीपक जोत सिंह, हरनाम सिंह मोंगा, राजू सहानी, संटी अरोड़ा तथा एमपी सिंह का विशेष सहयोग रहा।


गुरुद्वारा में कीर्तन करते संगत के सदस्य। ● अमृत विचार

- संत बाबा सुंदर सिंह बेदी समेत तीन महान संतों की स्मृति में हुआ आयोजन

## मकान पर कब्जाना चाह रहा होमगार्ड देवर, रिपोर्ट दर्ज

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस पुराना आरटीओ कार्यालय निवासी ज्योति चौहान ने बताया कि वह विधवा है। मकान में वह अपने बच्चों के साथ रहती है। आरोप है कि उसका होमगार्ड देवर उसके मकान पर कब्जा करना चाह रहा है।

वह उसके दोनों बेटे के खिलाफ आए दिन थानों में तहरीर देते रहता है। आरोप है कि देवर 20 नवंबर 2025 को दरवाजे पर आकर गालियां देने लगा। सुनकर उसके दोनों बेटे भी आ गए। इसके बाद देवर ने बारादरी थाने में उनके बेटे के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी। महिला ने बारादरी थाने से लेकर एसएसपी कार्यालय तक में शिकायत की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब अच्छू सिंह चौहान, विमला देवी, दीपा चौहान के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# डॉ. निशा शर्मा की पुस्तक का विमोचन

बरेली, अमृत विचार : इनसाइड सक्सेस मीडिया की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में केशलता इंटरनेशनल स्कूल नवदिया झादा की वाइस प्रिंसिपल डॉ. निशा शर्मा की एनसीईआरटी बेस्ड पॉलिटिकल साइंस टू पुस्तक का विमोचन बॉलीवुड के एक्टर तुषार कपूर ने होटल रैडिसन ब्लू नई दिल्ली में किया।

डॉ. निशा शर्मा की पुस्तक इलेवन थॉट ट्वेल्थ के विद्यार्थियों को विशेष ध्यान में रखकर की गई है। इस पुस्तक में पॉलिटिक्स साइंस को समझने वाले विद्यार्थियों को छोटे-छोटे जरूरी टिप्स देकर विषय को लाभकारी बनाने की पूरी कोशिश की गई है। पुस्तक में डॉ. निशा शर्मा की छात्रा पलक चौहान ने पुस्तक के कवर पेज तैयार किया है, जबकि इशिता चौहान ने एडीटोरियल बोर्ड में रहकर पुस्तक को नई दिशा दी है। उनका मानना है कि सेल्फ स्किल्ड शिप इसी तरह विद्यार्थियों में डेवलप की जा सकती है। डॉ. निशा शर्मा साईं सुखदा के डॉ. अनुराग शर्मा की पत्नी हैं। इनके पिताजी रिटायर्ड हाइडल इंजीनियर राजेंद्र कुमार शर्मा हैं।


पुस्तक का विमोचर करते तुषार कपूर।

**समीक्षा** मंडल रेल प्रबंधक के साथ कोच केयर सेन्टर रामनगर और रामनगर रेलवे स्टेशन का सेफ्टी निरीक्षण किया

# महा प्रबंधक ने रामनगर स्टेशन पर परखे सुरक्षा इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित हुआ है रामनगर स्टेशन
- हाथी और बाघ की आकृतियों के साथ बनाया गया है सेल्फी प्वाइंट

अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर इज्जतनगर रेल मंडल का दौरा करने पहुंचे। उन्होंने शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा के साथ कोच केयर सेन्टर रामनगर और रामनगर रेलवे स्टेशन का सेफ्टी निरीक्षण किया। उनके साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार समेत दूसरे अधिकारी भी मौजूद रहे।

कोचिंग केयर सेंटर पहुंचे महाप्रबंधक ने सीबीसी गेज बॉक्स, पोल व्हील सिम्युलेटर, सीबीसी पॉपुलर गेज, बफर हाइट गेज सीबीसी, हैंड ब्रेक इंडिकेटर, 3 प्वाइंटर व्हील, डायमीटर गेज विनर अल्ट्रासोनिक थिकनेस गेज जैसे यंत्रों के संचालन को लेकर अधिकारियों और पर्यवेक्षकों से सवाल किए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को इन यंत्रों के बारे में सेफ्टी से जुड़ी जानकारियां भी दीं। महाप्रबंधक फिटर रूम, मशीन रूम, स्क्रैप रूम, बायो टॉयलेट लैब, मैकेनाइज्ड क्लीनिंग व बायो टॉयलेट अनुरक्षण रूम का निरीक्षण करने पहुंचे।


निरीक्षण के दौरान रेल महाप्रबंधक उदय बोर वणकर तथा अन्य। ● अमृत विचार

वाशिंग पिट निरीक्षण के दौरान उन्होंने पानी की खपत को कम करने का निर्देश दिया। रोलिंग पॉइंट पर काम कर रहे कर्मचारी से सेफ्टी से जुड़ी सावधानियों के बारे में सवाल किए।

महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किये गये रामनगर स्टेशन का निरीक्षण किया। यहां किए गए विकास कार्यों की समीक्षा की। आधुनिक प्रतीक्षालय कक्ष व दिव्यांगजनों का सहायता बूथ व पुनर्विकसित किए गए आरक्षण भवन का भी गहन निरीक्षण किया। उन्होंने रामनगर स्टेशन के स्टेशन पैनल कक्ष और संरक्षा उपकरणों का निरीक्षण किया। सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यात्रियों की आधुनिक सुख सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रामनगर स्टेशन के पुनर्विकास का काम लगभग पूरा कर लिया गया है।

इसमें आधुनिक प्रतीक्षालय कक्ष, मॉडर्न टॉयलेट ब्लॉक, स्टेशन भवन के फसाड, प्लेटफार्म का उच्चीकरण, जीआरपी पोस्ट, आरक्षण भवन, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रवेश एवं निकास द्वार,सिस्टमैटिक नालिया, 4वें पीपी शेल्टर, साइनेज एवं लाइटिंग शामिल है। उन्होंने बताया कि गाड़ियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था उपलब्ध करा दी गई है। इसके अलावा दिव्यांगजनों के लिए टेक्सटाइल पथ, वाटर बूथ, टिकट काउंटर, टॉयलेट, रैंप, पार्किंग व इनकी सहायता के लिए एक बूथ की भी व्यवस्था की गई है।

रामनगर रेलवे स्टेशन के परिसर में नव स्थापित हाथी एवं बाघ की आकृतियां यात्रियों के सेल्फी प्वाइंट के रूप में आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

## मस्जिद पर बुलडोजर चलवाना न्यायपूर्ण नहीं : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : भोजीपुरा के पिपरिया गांव में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनी मस्जिद पर बुलडोजर कार्रवाई के बाद रविवार को ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी पिपरिया गांव पहुंचे। मौलाना ने कहा कि हाईकोर्ट में मामला विचाराधीन है, ऐसे में मस्जिद पर बुलडोजर कार्रवाई गलत है।

मौलाना ने कहा है कि मस्जिद ग्राम समाज की जमीन पर बनी थी। ग्राम प्रधान ने 1990 में मस्जिद के नाम पट्टा कर दिया था। इसी पट्टे के आधार पर टीन शेड डालकर मस्जिद बना ली गयी थी। ये मुकदमा हाईकोर्ट इलाहाबाद में विचाराधीन है। जमात के प्रवक्ता डॉ अनवर रजा कादरी ने बताया कि जमात का सोमवार को अधिकारियों से गांव के मुसलमानों को नमाज पढ़ने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की मांग करेगा।

## सिटी ब्रीफ

### ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर निकाला, मुकदमा दर्ज

**बरेली/शीशगढ़, अमृत विचार :** प्रीति पुत्री रामस्वरूप निवासी ग्राम गिरधरपुर शीशगढ़ ने बताया कि दो वर्ष पूर्व उसकी शादी सिरौली के ग्राम शिवपुरी निवासी राधेश्याम के साथ हुई थी ।शादी के बाद से ही मायके से दो लाख रुपए लाने का दबाव बनाकर ससुराल वाले उत्पीड़न करते थे। इंकार करने पर मारपीट करते थे। गत दिनों मांग पूरी न होने पर पीटकर एक माह के बेटे के साथ घर से निकाल दिया ।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति राधेश्याम, हरिराम, लाल देई, यादराम, सीमा, मुन्नी, गनेश पाल आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### ग्राम समूह के खाते से लाखों की निकासी का आरोप

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** ग्राम रिछोला किफायतुल्ला स्थित अशोक चक्र महिला प्रेरणा ग्राम संगठन की पदाधिकारियों ने ग्राम संगठन के खाते से लाखों की फर्जी निकासी का आरोप लगाते हुए अफसरों से शिकायत की है।

# करोड़ों खर्च फिर भी शुरू नहीं हो सके स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट

## नगर निगम ने चार साल में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की 64 परियोजनाओं पर 940 करोड़ कर डाले खर्च

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पटेल चौक पर बना स्काई वॉक बनकर तैयार लेकिन जनता को लाभ नहीं।



गांधी उद्यान में बंद पड़ा फव्वारा।

**अमृत विचार :** कहने को स्मार्ट सिटी में 930 करोड़ से अधिक लागत की 63 परियोजनाओं को पूरा कर दिया गया है। लेकिन, इतनी भारी-भरकम धनराशि खर्च होने के बाद स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर में विकास की जो बड़ी तस्वीर दिखाई गई थी वह मौजूदा समय में सवालों के घेरे में खड़ी नजर आ रही है। वजह यह है कि कई बड़ी परियोजनाएं अब तक शुरू नहीं हो सकी हैं। किसी के एक साल से तो किसी के संचालन का दो साल से अधिक समय से इंतजार है। बार-बार टेंडर निकाले जाने के बावजूद संजय कम्युनिटी हाल के तालाब और स्काई वॉक के लिए निजी फर्में रुचि नहीं ले रहीं हैं। यहीं नहीं, संजय कम्युनिटी हाल और डीडीपुरम में बनी मल्टीलेवल पार्किंग का लाभ भी लोगों को नहीं मिल पा रहा है। हालांकि अबर्न हाट, शूटिंग रेंज, जीआईसी ऑडिटोरियम समेत कई

- कई प्रोजेक्ट कुछ समय चलकर तोड़ चुके दम, कुछ अब तक शुरू नहीं हुए

परियोजनाएं टेंडर के बाद शुरू हो चुकी हैं। अमृत विचार की पड़ताल में कुछ परियोजनाओं की खामियां सामने आईं। इनमें कुछ इस प्रकार हैं.....

**11.34 करोड़ का स्काई वॉक बना सफेद हाथी :** पटेल चौक पर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 11.18 करोड़ की लागत से वर्ष 2024 में बनकर तैयार स्काई वॉक का संचालन अब तक शुरू नहीं हो सका। इसकी स्वचालित सीढ़ियां धूल फांक रही हैं। पिछले साल इसके संचालन के लिए एक कंपनी आगे आई भी तो अफसरों को उसका प्रजेंटेशन रास नहीं आया था। चौथी बार स्काई वॉक का टेंडर निकाला जा चुका है, लेकिन अब तक कंपनी फाइनल नहीं हुई है। नतीजा, शहरवासियों के आसमानी सफर और अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों का स्वाद चखने का ख्वाब अब तक अधूरा है। आलम यह है कि शहर में उर्स या अन्य कोई बड़ा कार्यक्रम होने पर भीड़ स्काई वॉक पर चढ़ जाती है। यही नहीं, स्काई वॉक के आसपास भोजन और नाश्ते के कई ठेले लगते हैं। इसकी सीढ़ियों पर बैठकर लोग नाश्ता और भोजन करते हैं। देर रात तक वहां शराबियों की महफिल भी सजती है, पर कार्रवाई नहीं होती।

### शहरवासियों के लिए बंद, चोरों के लिए खुला तालाब

संजय कम्युनिटी हॉल में तैयार किया गया अमृत सरोवर नौ करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया, जिसमें पोर्टेबल शॉप, बोलार्ड लाइटें, स्केटिंग ट्रैक और सेल्फी प्वाइंट जैसी सुविधाएं बनाई गईं और पास में मल्टीलेवल पार्किंग भी तैयार कर दी गई। सात सितंबर 2022 को इसका लोकार्पण खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया, लेकिन तब से यह तालाब शहरवासियों के लिए बंद पड़ा है। सपनों का तालाब अब चोरों का अड्डा बन चुका है–अधिकतर बोलार्ड लाइटें चोरी हो चुकी हैं और शॉप व अन्य सुविधाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा। इसके लिए तीन बार पहले टेंडर निकल गए थे, लेकिन काम शुरू ही नहीं हो पाया। अब नगर निगम ने फिर से कवायद करते हुए चौथी बार टेंडर निकाला है।

### 7.59 करोड़ का लाइट एंड साउंड शो हटाया गया

स्मार्ट सिटी के नाम पर पैसा सचमुच पानी की तरह बर्बाद किया गया। बिना किसी योजना या जरूरत के, जिला जेल की दीवार के बाहर 7 .59 करोड़ रुपये खर्च कर लाइट एंड साउंड शो बना दिया गया, जो अब तक काम ही नहीं कर सका। शुरुआती एक–दो महीने में लोग देखने आए, लेकिन जल्द ही निराश होकर मुंह फेर लिया। अब यह शो पूरी तरह बंद पड़ा है। जब जेल का पुनर्निर्माण शुरू हुआ, तो अधिकारियों ने इसे हटाने का आदेश दिया और शो को ज्यों का त्यों हटा दिया गया। नौकरशाही और गैर–जिम्मेदारी की यह स्पष्ट मिसाल है। जनता के लिए कोई फायदा नहीं, सिर्फ खोखले दावे और बर्बाद हुआ पैसा ही दिख रहा है।

### गांधी उद्यान का लाखों का फाउंटेन बना दिखावा

गांधी उद्यान में पीछे 79 लाख रुपये की लागत से बनाया गया म्यूजिकल फाउंटेन अब पूरी तरह बंद हो गया है। कुछ समय पहले यह फाउंटेन थोड़े दिन चलता और फिर बंद हो जाता था, लेकिन पिछले कुछ समय से यह बिल्कुल काम नहीं कर रहा है। रविवार दोपहर वहां मौजूद कुछ युवाओं ने इसकी उपयोगिता पर सवाल उठाए और पूछा कि लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए इस फाउंटेन का आम जनता को क्या फायदा हुआ। नगर निगम की ओर से भी अब तक इसकी मरम्मत या संचालन के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए हैं। जनता के लिए यह परियोजना महज दिखावा बनकर रह गई है।

> स्मार्ट सिटी की सभी परियोजनाओं के संचालन के प्रयास किए जा रहे हैं। स्काई वॉक और संजय कम्युनिटी हॉल परिसर में स्थित अमृत सरोवर के लिए अभी तक कोई फर्म सामने नहीं आई है। चौथी बार दोनों परियोजनाओं का टेंडर निकाला जा चुका है। कई बड़ी परियोजनाएं मल्टी लेवल पार्किंग, आई ट्रिपल सी और अर्बन हाट का संचालन हो चुका है।
>
> – **संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

# राजपत्रित अधिकारी बनने को इंजीनियरों ने दी परीक्षा



संघ लोक सेवा आयोग की आईईएस परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- संघ लोक सेवा आयोग ने जिले के सेंटरों पर कराई गई थी परीक्षा

**अमृत विचार :** इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद राजपत्रित अधिकारी बनने के लिए इंजीनियरों ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा दी। इंजीनियरों ने प्रश्न पत्र को सरल बताया।

रविवार को शहर के तमाम स्कूलों में बीटेक की पढ़ाई करने के बाद राजपत्रित अधिकारी बनने के लिए छात्र-छात्राएं पहुंचे। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब उन्होंने परीक्षा प्रश्न पत्र को आसान बताया। अधिकांश बोले कि उन्होंने लगभग पूरा पेपर ही सॉल्व किया है। वहीं कुछ निराश भी दिखे। पीलीभीत के रहने वाले शुभम पांडे ने बताया कि पेपर सरल आया था हालांकि उसमें न्यूमेरिकल ज्यादा पूछे गए थे। जिन्होंने तैयारी की होगी उनका चयन जरूर होगा। वहीं मुरादाबाद के रहने वाले आनंद को भी पेपर सरल लगा और उन्होंने इसे अच्छे से किया है। रामपुर से परीक्षा देने आए मोहम्मद शाकिर ने कहा कि पेपर सरल होने के कारण उन्होंने दिए गए समय में ही अपने पेपर को अच्छे से हल कर लिया।

# डिप्टी सीएमओ ने किया आरोग्य मेले का निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आरोग्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित कुमार ने शहर के सीबीगंज और नंदोसी स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आरोग्य मेले का निरीक्षण किया।

- रविवार को आरोग्य मेलों का औचक निरीक्षण में मौजूद मिला स्टाफ

डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित ने बताया कि सीबीगंज और नंदोसी दोनों पीएचसी पर डॉ. मधु गुप्ता द्वारा मरीजों का उपचार किया जा रहा था। पीएचसी पर सभी स्टाफ उपस्थित मिला।

डॉ. अमित कुमार ने मरीजों से बात कर मेले में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

# वनमंत्री के साथ भाजपा नेताओं ने देखी गोदान फिल्म



फिल्म देखने पहुंचे वनमंत्री सहित भाजपा के नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अच्छे संस्कारों की प्रेरणा देने वाली फिल्म बताया

**अमृत विचार :** वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार ने रविवार को भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ पीलीभीत रोड स्थित मॉल के पीवीआर में गोदान फिल्म देखी।

फिल्म में दिखाया गया है कि पितृ भक्ति के कारण गांव का होनहार युवक अपने पिता का वचन अपनी नौकरी छोड़कर निभाता है। पिता के सपने को भी साकार करता है। अच्छे संस्कारों की प्रेरणा देने वाली फिल्म गोदान न केवल धार्मिक, बल्कि आर्थिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से गाय की उपयोगिता को बताती है। फिल्म देखने वालों में राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, संजीव शर्मा, गुलशन आनंद आदि शामिल रहे।

# रमजान में बरेली के हाफिजों की देश विदेश में हो रही मांग

**बरेली, अमृत विचार :** चांद का दीदार होते ही 18 या 19 फरवरी से रमजान माह की शुरुआत हो जाएगी। रमजान में पांच वक्त की नमाज के अलावा तरावीह की विशेष नमाज होती है। तरावीह की नमाज ए हाफिज ए कुरान पढ़ाता है। ऐसे में मदरसा जमीयातुर्रजा के हाफिजों की देश के साथ विदेश में भी मांग की जा रही है।

जमात रज़ा-ए-मुस्तफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान मियां ने बताया कि मथुरापुर स्थित इस्लामिक यूनिवर्सिटी जमीयातुर्रजा से पढ़ाई करने वाले हाफिज की रमजान में अधिक मांग रहती है। उन्होंने कहा कि यहां से हाफिज देश विदेश में रमजान के महीने में तरावीह पढ़ाने जाते हैं । सलमान मियां ने बताया कि देश विदेश से लोग हाफिजों को लेकर रमजान शरीफ के लिए मरकज में लगातार संपर्क कर रहे हैं। दुबई, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, सऊदी अरब, आदि देश में इस बार मदरसे के हाफिज तरावीह की नमाज पढ़ाने के लिए जाएंगे।

# थैलेसीमिया की जांच और इलाज की दी जानकारी



आईएमए भवन में निशुल्क थैलेसीमिया जांच शिविर का उद्घाटन करते कैंट विधायक।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से रविवार को आईएमए भवन में निःशुल्क थैलेसीमिया स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया की शीघ्र पहचान, रोकथाम और आमजन को इसके प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया।

इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल नई दिल्ली से बाल हेमेटोलॉजी और ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. अमिता महाजन और डॉ. मीनाक्षी बंसल ने थैलेसीमिया की जांच, उपचार और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे शिविर समय रहते बीमारी की पहचान और रोकथाम में अहम भूमिका निभाते हैं। सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. रविश अग्रवाल और डॉ. प्रमेंद्र महेश्वरी ने सहयोगियों का आभार जताया। शिविर में 150 से अधिक बच्चों की जांच की गई।

# राज्य बधिर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बरेली ओवरआल चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



प्रतियोगिता में जश्न मनाती बरेली की टीम। ● अमृत विचार

- बरेली की एथलीट रिदम शर्मा रही सीनियर वर्ग सहित तीन प्रतियोगिता में विजेता

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश डेफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से दूसरी उत्तर प्रदेश राज्य बधिर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में बरेली की टीम ने चैंपियनशिप अपने नाम की। प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों अपना दमखम दिखाया। रविवार को प्रतियोगिता के माध्यम से उत्तर प्रदेश टीम का चयन किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्थ गौतम ने किया। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी 20 से 23 मार्च तक अहमदाबाद गुजरात में आयोजित होने वाली नेशनल सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग बालक में मेरठ के विवेक राना विजेता, जूनियर वर्ग में कानपुर के मानस प्रजापति विजेता, सब-जूनियर में वाराणसी के राम यादव विजेता रहे। वहीं, बालिका वर्ग में सीनियर वर्ग में बरेली की रिदम शर्मा और चित्रकूट में कलावती विजेता रही। शॉर्ट पूट में वाराणसी के आशीष पाल विजेता रहे। प्रतियोगिता में बरेली के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन करने पर बरेली को ओवरऑल चैंपियनशिप घोषित किया गया।

# 'हरित ऊर्जा अपनाओ' स्लोगन के साथ रैली निकाली

**बरेली, अमृत विचार :** तेल और गैस संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को 'तेल-गैस बचाओ हरित ऊर्जा अपनाओ' स्लोगन के साथ साइक्लोथॉन (साइकिल रैली) का आयोजन किया गया। साइक्लोथॉन के माध्यम से यह संदेश दिया कि ईंधन की बचत न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। रैली का शुभारंभ एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खां ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली साइकिल चलाकर ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देने के लिए निकाली गई। कार्यक्रम में बीपीसीएल के टेरिटरी मैनेजर अजीत सेंगर, विक्रय अधिकारी सुशील वर्मा, डॉ रजत सिंह राठौर, अमित श्रीवास्तव आदि रहे।

# भारत रंग महोत्सव में मीता पंचलैट वाले ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा भारत रंग महोत्सव के अन्तर्गत प्रभावे ऑडिटोरियम में ड्रामा ड्रॉपआउट्स ने किया मंचन




मंच पर अभिनय करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** असमानता, विपन्नता और कमतर होने से उपजे एहसास को कम करने का सफल प्रयास जब अपने चरम पर जाता है तब उपजती है कहानी पंचलाइट। फणीश्वरनाथ रेणु द्वारा लिखी गई कालजयी कहानी को नई नजर से मंच पर लाने का प्रयास किया है। जिसे हमने नाम दिया है, मीता पंचलैट वाले नाटक में तीसरी कसम कहानी से महुआ घटवारन का प्रसंग भी कथा का हिस्सा है।

नाटक में अपने होने का सिंबॉलिज्म गोधन और मुनरी की प्रेमकथा में खोजता है लेकिन सफल प्रेम के संदर्भ में रचनात्मक स्वतंत्रता का प्रयोग करते हुए नाटक में कुछ घटनाएं, चरित्र और भावों का प्रयोग किया गया है जो मूल कहानियों का हिस्सा नहीं हैं। आशा है दर्शकगण हृदय से इसे स्वीकार करेंगे। आज सब तरह से सम्पन्न होते हुए भी हम खोजते हैं कुछ ऐसा जो हमें खुश रख सके। यह दौड़, यह खोज हमें और अकेला कर देती है। इस थकान में जब हम पर हावी है सोशल मीडिया, काम का बोझ, दूसरों से आगे निकलने का दबाव, खुद को साबित करने की महत्वाकांक्षा। ऐसे में कहीं पीछे, बहुत पीछे छूट जाता है जीवन का आनंद, रस, सुकून और ठहराव। एक समय था जब इस देश में बहुत कम शहर थे और गांव ज्यादा। जब शहर में पहुंचकर भी दरअसल गांव ही बसता था। जब लोग एक साथ रहते थे, बात करते थे, लड़ते-झगड़ते थे, फिर भी साथ होते थे। दिलों में मासूमियत थी, चेहरों पर एक भोलापन। इस नाटक में हम उस समय को कहने जा रहे हैं जैसे कि कोई समय-यात्रा हो। हममें से बहुतों ने वो समय नहीं देखा है। लेकिन कल्पना तो की जा सकती है। हमारे पास महान लेखकों की एक लंबी श्रृंखला है जो हमारे लिए इतिहास की विरासत लिख गए हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियां उसे पढ़ें और उस समय को याद रखें, समझें व किताबों, कहानियों या नाटकों के जरिए ही सही वो समय जीने की कोशिश करें। नाटक में अभिनय गोधन का शोभित गंगवार, मुनरी का आशी सिंह, गुलरी चाची का माधुरी कश्यप, अमरपाल, नौटंकी दर्शक, मेला दुकानदार, मुनीश रत्न ने किया। नाटक मंचन के दौरान उद्यमी तनुज भसीन, संदीप झावर, बंटी खान, नितिन मोदी मौजूद रहे।

# शिविर में वितरित किए गए कपड़े और बर्तन

**बरेली, अमृत विचार:** सीता रसोई समिति की ओर से नाग पंचमी ग्राउंड में वस्त्र वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों को कपड़े वितरित किए। साथ ही घरेलू उपयोग की विभिन्न वस्तुएं जैसे जूते, बर्तन एवं घरेलू सामान भी उपलब्ध कराया गया। समिति के भवन में पुस्तक बैंक भी संचालित किया जा रहा है, जहां से बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें प्रदान की जाती हैं। इस दौरान प्रभात अग्रवाल, अमित गुप्ता, पंकज अग्रवाल, राजीव सक्सेना, देवेंद्र कुमार गुप्ता, सौरभ धींगरा, कैलाश बंसल, घनश्याम गुप्ता, अनिल अग्रवाल, रमेश चंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**संस्था नामित** | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की मंजूरी के बाद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुभाग ने बीडीए को ही कार्यदायी संस्था नामित किया

# साइंस पार्क और नक्षत्रशाला बीडीए ही बनाएगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- करीब तीन हजार वर्ग मीटर में बनाएगा जाएगा साइंस पार्क और नक्षत्रशाला, खर्च होंगे 50 करोड़
- इसी के पास मैराइन, स्पेस और एआई पार्क बनेंगे, रामगंगा नगर आवासीय योजना भूमि चिह्नित




बीडीए कार्यालय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बच्चों को सौरमंडल के रहस्यों से परिचित कराने के उद्देश्य से रामगंगा नगर आवासीय योजना सेक्टर 8 में साइंस पार्क और नक्षत्रशाला की स्थापना की जाएगी। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) के प्रस्ताव पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने मंजूरी दे दी है। इसके साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुभाग के प्रमुख सचिव ने साइंस पार्क और नक्षत्रशाला का निर्माण कराने के लिए बीडीए को ही कार्यदायी संस्था नामित किया है। अब बीडीए इसका निर्माण करीब 50 करोड़ की लागत से कराएगा। इसके आसपास मैराइन पार्क, स्पेस पार्क और एआई पार्क भी विकसित किए जाएंगे।

बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए. ने साइंस पार्क एवं नक्षत्रशाला की स्थापना के संबंध में पिछले साल 11 दिसंबर को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के अनुमोदन के लिए प्रस्ताव भेजा था। इससे पहले बीडीए उपाध्यक्ष ने साइंस पार्क एवं नक्षत्रशाला की स्थापना के लिए 47.75 लाख रुपये की प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट भेज प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। उसमें परियोजना के अन्तर्गत रामगंगा नगर आवासीय योजना सेक्टर-8 में 5.33 एकड़ भूमि चिन्हित बतायी थी। प्राधिकरण मैराइन पार्क, स्पेस पार्क और एआई पार्क के निर्माण के कार्य शीघ्र आरंभ करने का जिक्र किया। इसी चिन्हित भूमि में से 3000 वर्ग मीटर की भूमि पर साइंस पार्क एवं नक्षत्रशाला के निर्माण करने की बात कही।

इधर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुभाग के प्रमुख सचिव पनधारी यादव ने प्रस्तावित परियोजना के लिए वर्ष 2025-26 में साइंस पार्क व नक्षत्रशाला की स्थापना'' के अन्तर्गत एक मुश्त 50 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। इसके बाद कार्यदायी संस्था के चयन की प्रक्रिया शुरू हुई। प्रदेश सरकार से स्वीकृत विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए शासकीय संस्थाओं में लोक निर्माण विभाग, राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (उप्र जल निगम), ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग, समाज कल्याण निर्माण निगम लि., उप्र आवास एवं विकास परिषद, उप्र प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड, उप्र विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड कार्यदायी संस्था नामित हैं। पूर्व में जारी शासनादेश में प्रदेश के प्राधिकरणों को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित नहीं किया है।

### ... इसलिए बीडीए को ही निर्माण की जिम्मेदारी मिली

– प्रमुख सचिव ने आदेश में कहा है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन विज्ञान पार्क एवं नक्षत्रशाला की स्थापना करने के लिए भूमि प्राधिकरण के पास उपलब्ध है। प्राधिकरण की भूमि पर अन्य कार्यदायी संस्थाओं से कार्य कराने में दिक्कत होती है, जबकि प्राधिकरण के माध्यम से कार्य कराने में सुगमता और समय की बचत होगी। प्राधिकरण के पास निर्माण, योजनाओं को लागू करने के लिए पहले से पर्याप्त तकनीकी स्टाफ व अन्य आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध रहते हैं। इस दृष्टि से प्रस्तावित साइंस पार्क एवं नक्षत्रशाला के निर्माण के लिए बरेली विकास प्राधिकरण को कार्यदायी संस्था नामित किया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में 29 जनवरी को बरेली विकास प्राधिकरण को 3000 वर्ग मीटर भूमि पर विज्ञान पार्क एवं नक्षत्रशाला के निर्माण करने के लिए कार्यदायी संस्था नामित करने का निर्णय लिया गया।

# बसपा की मंडलीय बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**बरेली, अमृत विचार :** बसपा की मंडलीय बैठक रविवार को तुलसी नगर स्थित मंडल कार्यालय पर हुई। मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी नौशाद अली ने बैठक में मायावती के दिए निर्देशों को बारीकी से समझाया। बताया कि किस तरह से क्षेत्र में जाकर कार्य करना, किस तरह कैसे संगठन का गठन करना है। बसपा के चार साल के कार्यकाल में किए जनहित कार्य को जनता को बताकर पार्टी का जनाधार बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य प्रभारी राजवीर सिंह, पूर्व सांसद गिरीश चंद्र जाटव, भीमराव अंबेडकर, विजय सिंह, राजेश सागर, रामसनेही गौतम समेत सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, विधानसभाओं के अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला अध्यक्ष डा. जयपाल सिंह ने किया।

## सिटी ब्रीफ

### अवैध तंमचा व कारतूस सहित आरोपी को पकड़ा

बरेली/बिशारतगंज अमृत विचार। रविवार को मुखबिर की सूचना पर थाना बिशारतगंज पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। असद पुत्र छोटे खां निवासी ग्राम भिंडौरा थाना बिशारतगंज को एक अवैध तमंचा व एक कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया।

### मनमोहन तनेजा बने बरेली आर्म रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष नदीम सचिव

बरेली, अमृत विचार : बरेली आर्म रेसलिंग फेडरेशन का गठन रविवार को मिनी बायपास स्थित एक निजी जिम में किया गया। फेडरेशन में मनमोहन सिंह तनेजा को अध्यक्ष, शिवम वार्ष्णेय को उपाध्यक्ष, नदीम खान को सचिव और चरन सिंह यादव को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को नदीम इकबाल की ओर से संगठन का प्रमाण पत्र दिया। पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। पदाधिकारियों के सम्मान समारोह में सुमित बाला, मो. कासिम, आलम सिद्दीकी, अमित चौहान, शादाब अहमद खान, फैजान खान, अनुराग शर्मा, सोनू कश्यप, नाजिम, सचिन, रिजवान आदि उपस्थित रहे।

# एसआरएमएस दीक्षान्त समारोह: हर्ष और उत्कर्ष को 'श्रीराम मूर्ति गोल्ड मेडल'

## छात्रों को बताया- नैतिकता, अनुकूलनशीलता और उद्यमिता सफलता की कुंजी : डॉ. प्रदीप

कार्यालय संवाददाता, बरेली



श्रीराम मूर्ति स्मारक इंजीनियरिंग कॉलेज के दीक्षान्त समारोह में मंचासीन अतिथियों के साथ मेडल और प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में एसआरएमएस ट्रस्ट के कॉलेजों का 25वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इसमें बीटेक, बीफार्मा, एमफार्मा, एमटेक, एमबीए, एमसीए व लॉ समेत विभिन्न पाठ्यक्रमों के सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण 305 छात्र-छात्राओं को उपाधियां, प्रशस्ति पत्र और पदक प्रदान किये गये।

सीईटी के हर्ष सक्सेना और सीईटीआर के उत्कर्ष जायसवाल को सर्वोच्च अंक पर 'श्रीराम मूर्ति गोल्ड मेडल' व 51 हजार रुपये नकद दिए गए। पूजा काराकोटी, निजारिश उमर, अमूल्य शर्मा और राज कुशवाहा को गोल्ड मेडल व 21 हजार रुपये नकद से सम्मानित किया गया।

दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. डा. जय प्रकाश पांडेय ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ लक्ष्य निर्धारण की सलाह दी।

- विभिन्न पाठ्यक्रमों के 305 छात्र-छात्राओं को दी गयी उपाधियां

उन्होंने कहा कि उत्साह और कमिटमेंट मिलकर सफलता की संभावनाएं कई गुना बढ़ा देते हैं। उन्होंने स्टार्टअप, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने पर की भी जोरदार वकालत की।

मुख्य अतिथि एनटीए के अध्यक्ष प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार जोशी ने विद्यार्थियों को नैतिकता, अनुकूलनशीलता और उद्यमिता को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि एआई और आधुनिक तकनीकों का जिम्मेदारी से उपयोग कर भारत आत्मनिर्भर बन सकता है। विशिष्ट अतिथि इसरो वैज्ञानिक पूजा श्रीवास्तव ने अनुशासन, टीमवर्क और तकनीकी विकास पर जोर देते हुए मेहनत को सफलता का मूल मंत्र बताया।

समारोह में संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और मेधावी विद्यार्थियों को शुल्क माफी व खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन रुचि शाह ने किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया।


मुख्य अतिथि को सम्मानित करते ट्रस्ट के चेयरमैन और सम्मानित विद्यार्थी।

# गोल्डन स्ट्रोक में सोनिया नजरिया में हर्षित प्रथम


फोटोग्राफी प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं अतिथि।

- स्थापना दिवस पर फोटोग्राफी और पेंटिंग प्रदर्शनी आयोजित

**बरेली, अमृत विचार:** पांचवें स्थापना दिवस पर रविवार की शाम रिद्धिमा में फोटोग्राफी और पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री राममूर्ति को याद किया। कहा कि आज बाबू जी की 116वीं जयंती है। उनकी याद में स्थापित रिद्धिमा के विभिन्न कोर्स में 5 वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक के विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

कानपुर विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. नीलिमा गुप्ता ने पेंटिंग वर्कशाप द गोल्डन स्ट्रोक और विजुअल आर्ट्स की तरफ से लगाई फोटोग्राफी प्रदर्शनी नजरिया का उद्घाटन किया। गोल्डन स्ट्रोक प्रदर्शनी में सोनिया कोहली, नजरिया प्रदर्शनी में हर्षित को पहला स्थान मिला। दूसरे और तीसरे स्थान पर चुने गए प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया। स्थापना दिवस पर रिद्धिमा के विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इससे पहले मां शारदे की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। कथक गुरुओं के साथ विद्यार्थियों ने समर्पण के जरिये अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। थिएटर गुरु विनायक श्रीवास्तव और उनके विद्यार्थियों ने हास्य नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। संचालन डा. अनुज कुमार ने किया। समारोह में आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, आदि उपस्थित रहे।

# कश्मीरी युवाओं ने बनाये व्यंजन

- कश्मीरी उत्पादों में पश्मीना शॉल, केसर, अखरोट, बादाम, कांगरी, समावार आदि की लगाई प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली


विश्वविद्यायल परिसर में हस्तशिल्प का स्टाल सजाये कश्मीरी युवा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : माय भारत वतन को जानो कार्यक्रम के तहत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की रुहेलखंड विश्वविद्यालय में छह दिवसीय कश्मीरी यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रतिभागियों ने कशमीर के व्यजनों के स्टॉल के साथ कश्मीर के उत्पादों और हस्तशिल्प की प्रदर्शनी भी लगाई गयी।

सुबह युवाओं ने योग, व्यायाम शिविर और श्रमदान किया। कश्मीर के छह जनपदों से आये प्रतिभागियों ने फूड स्टॉल में कश्मीरी कहवा, कश्मीरी पुलाव, यखनी, रोगन जोश, कश्मीरी रोटी, फ्रूट कस्टर्ड, कश्मीरी चटनी आदि के स्टॉल लगाये। कश्मीरी उत्पादों की प्रदर्शनी में पश्मीना शॉल, कश्मीरी केसर, अखरोट, बादाम, कश्मीरी कांगरी, कश्मीरी समावार आदि की प्रदर्शनी लगाई। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई। यहां माय भारत बरेली की उपनिदेशक पुष्पा सिंह, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया आदि मौजूद रहे।

### 18 विद्यार्थियों ने कराया चेकअप, ली दवाएं

विश्वविद्यालय आए कश्मीरी युवक व युवतियों का नाथ नगरी का वातावरण नहीं भा रहा है। दो दिन से स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओं को देखते हुए आयोजकों ने सीएमओ से वार्ता कर विश्वविद्यालय कैंपस में एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) की तैनाती कराई। रविवार को एएलएस में 18 कश्मीरी युवक-युवतियों ने अपनी जांच कराने के बाद संबंधित समस्याओं की दवा ली।

# खसरा- रूबेला टीकाकरण अभियान चलाएगा रोटरी

**बरेली, अमृत विचार:** रोटरी क्लब जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से खसरा एवं रूबेला जैसी घातक बीमारियों की रोकथाम के लिए जिले में टीकाकरण अभियान चलाएगा। इसके लिए रोटरी भवन में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बरेली के सभी रोटरी क्लबों के अध्यक्षों एवं सचिवों ने भाग लिया। मंडलाध्यक्ष सीए राजेन विद्यार्थी आह्वान किया कि सभी क्लब अभियान में पल्स पोलियो अभियान की तरह पूर्ण समर्पण में सहयोग करें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने वीडियो प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अभियान की आवश्यकता एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि जिस प्रकार रोटरी ने विश्व से पोलियो उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उसी प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार ने इस टीकाकरण अभियान में रोटरी को सहयोगी संस्था के रूप में चुना है। पूर्व मंडलाध्यक्ष किशोर कटरू ने कहा कि समाज में खसरा-रूबेला टीकाकरण के प्रति फैली भ्रांतियों और अंधविश्वासों को दूर करना आवश्यक है।

बैठक में मंडल के डीजीएनडी सीए विनय कृष्ण, पोलियो कमेटी के को-चेयर ज्ञानेन्द्र प्रकाश गुप्ता, डॉ. डीसी शुक्ला, रोटरी बरेली के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, विकास अग्रवाल, दीपक गोयल, अशोक अवस्थी, अंकुर अग्रवाल, नितिन शर्मा, संजय गर्ग, राजीव बूबना, शेखर यादव आदि मौजूद रहे।

# हरे रामा-हरे कृष्णा से गूंजा शहर


इस्कॉन मंदिर ने बरेली शहर में भक्ति और उत्साह से निकाली भगवान श्रीकृष्ण-बलराम की शोभायात्रा। ● अमृत विचार

- भक्ति और उत्साह से निकली कृष्ण-बलराम शोभायात्रा
- क्रेन से अर्पित किया गया 56 भोग प्रसाद

**बरेली, अमृत विचार :** इस्कॉन मंदिर की ओर से आनंद आश्रम से कृष्ण बलराम रथयात्रा का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा गांधी उद्यान, चौकी चौराहा, आलमगिरीगंज, मटकी चौकी, प्रेमनगर धर्मकांटा से डेलापीर झूलेलाल द्वार के पास सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कोतवाली क्षेत्र में क्रेन से 56 भोग प्रसाद अर्पित किया गया। पूरे मार्ग में हरे रामा-हरे कृष्णा के जयघोष से माहौल भक्तिमय बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन में इस्कॉन बरेली के अध्यक्ष आदिकर्ता दास, महाप्रबंधक भीम अर्जुन दास, गिरधर गोपाल सहित अन्य सहयोगियों की सक्रिय भूमिका रही।

# भेदभाव भूलकर सनातन संस्कृति अपनायें युवा

कार्यालय संवाददाता, बरेली


हिंदू सम्मेलन से पूर्व कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** समाज में एकजुटता और जातिवाद को भूलकर भाईचारा निभाते हुए मिलकर रहने का संदेश रविवार को आयोजित हिंदू सम्मेलन में दिया गया। आयोजन नैनीताल रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर किया गया था।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष दिनेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना है। हम सबको जाति व भेदभाव को भूलकर सनातन संस्कृति को धरातल पर लाना ही इसका मूल उद्देश्य है। युवा पीढ़ी को हिंदू समाज को संगठित एवं शक्तिशाली बनाने के लिए आगे आना पड़ेगा। तब ही यह सफल हो सकेगा। यही इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है।

मातृशक्ति सुनीता शर्मा ने पांच परिवर्तन के बारे में बताया कि दुर्भाग्य से हमारे ही समाज के कुछ वर्गों को अछूत मानकर शिक्षा सुविधाओं और सम्मान से वंचित रखा जो किअन्याय पूर्ण है। उन्होंने कहा कि कुटुंब में सबको सप्ताह में एक बार साथ बैठकर खाना जरूर खाना चाहिए। सम्मेलन में सांसद छत्रपाल गंगवार के साथ अनिल कुमार एडवोकेट, महामंडलेश्वर आचार्य संजीव गौड़ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार भी शामिल हुए।

- सरस्वती शिशु मंदिर में हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन
- सभी को हफ्ते में एक दिन मिलकर अपनी परेशानी बतानी चाहिए

महामंडलेश्वर आचार्य संजीव कुमार ने कहा कि सभी हिंदुओं को एकजुट होना चाहिए। महादेव का पाठ करना चाहिए, हिंदुस्तान में हिंदू की बात नहीं सुनी जाएगी तो किसकी बात सुनी जाएगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग विचारक कृष्ण कुमार ने हिंदुओं को एक होने की बहुत आवश्यकता है। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम में चारों युगों का नाटक द्वारा वर्णन किया। कार्यक्रम में, डा. राकेश गुप्ता, अमित सक्सेना, दीपक अग्रवाल, प्रवीण सक्सेना, राजीव सक्सेना, गौरव श्रीवास्तव, राकेश प्रजापति, अविन सक्सेना, शरद जायसवाल अनुराग अग्रवाल मौजूद रहे।

# जनसंवाद बढ़ाने को कांग्रेस ने किया सद्भावना सम्मेलन

**बरेली, अमृत विचार:** रामनगर ब्लॉक के केसरपुर गांव में रविवार को कांग्रेस की तरफ से सद्भावना सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश भर से कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द, संगठनात्मक मजबूती और जनसंवाद को बढ़ावा देना रहा।

मुख्य अतिथि ओमवीर यादव ने सामाजिक एकता और परस्पर सहयोग को लोकतंत्र की आधारशिला बताया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा असफाक सकलैनी ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि सरकार समाज में विभाजन की राजनीति कर रही है। सम्मेलन में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा, पंडित राज शर्मा, पंडित राजन उपाध्याय, केके शर्मा, तीरथ मधुकर, उल्फत कठेरिया, डॉ. सरताज, साहिब सिंह, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी

### सोमनाथ मंदिर में आज होगा नौ कन्याओं का सामूहिक विवाह



**बरेली, अमृत विचार** : प्रभात नगर स्थित सोमनाथ मंदिर में सोमवार को बाबा महाकाल सेवा ट्रस्ट द्वारा आर्थिक रूप से असक्षम परिवारों की नौ कन्याओं का सामूहिक व मंत्रोच्चार के बीच भव्यता के साथ विवाह संपन्न कराया जाएगा। बाबा महाकाल सेवा ट्रस्ट (रजि) एवं श्री सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट की ओर से नव दंपतियों को गृहस्थी का समस्त सामान व आर्थिक सहयोग भी दिया जाएगा। उपाध्यक्ष आचार्य रमाकांत दीक्षित ने बताया कि पाणिग्रहण संस्कार प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधि विधान से संपन्न कराया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बाबा महाकाल समिति रजि. एवं श्री सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट रजि. के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहेंगे।

### डॉ. अनीस बेग ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**बरेली, अमृत विचार** : कैंट विधानसभा के माधोबाड़ी क्षेत्र में सपा नेता व चिकित्सक डॉ. अनीस बेग के नेतृत्व में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सैकड़ों जरूरतमंद बुजुर्गों, महिलाएं, दिव्यांगजन और निर्धन परिवारों को कंबल वितरित किए गए। डॉ. अनीस बेग ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। महानगर अध्यक्ष शमीम खान सुल्तानी ने समाज के सक्षम लोगों से जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। कार्यक्रम में स्मिता यादव, गजल अंसारी, हरिओम प्रजापति, राजेश मौर्य आदि उपस्थित रहे।

### छात्रों को बताया भगवान परशुराम का जीवन परिचय



**बरेली, अमृत विचार** : श्री टीबरीनाथ संस्कृत महाविद्यालय में रविवार को भगवान परशुराम के जीवन परिचय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुकुल पद्धति पर संचालित संस्कृत महाविद्यालय में भगवान परशुराम के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में गौरव शर्मा 'जौली'' ने वर्तमान समय में भी भगवान परशुराम की सार्थकता व जीवन परिचय से छात्रों को अवगत करवाया। भगवान 'परशुराम वाणी' पुस्तक का वितरण किया। प्रधानाचार्य वंशीधर पाण्डेय ने छात्रों के समक्ष सनातन धर्म व भगवान परशुराम के ऊपर विचार प्रस्तुत किए। पंडित ईश्वर शरण शास्त्री ने कार्यक्रम में विशेष रूप से योगदान दिया।

### शांतिकुंज गर्ल्स इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम का उद्घाटन

**बरेली, अमृत विचार** : शांतिकुंज गर्ल्स इंटर कॉलेज में नव निर्मित ऑडिटोरियम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने फिनलैंड एवं जापान की नवाचारी शिक्षा व्यवस्थाओं का उदाहरण देते हुए बच्चों को प्रेरित किया। डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि आज भारत के प्रतिभाशाली बच्चे संपूर्ण विश्व की बड़ी-बड़ी कंपनियों में अपनी योग्यताओं और क्षमताओं का लोहा मनवा कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी तरह आपको भी अपने विद्यालय और जनपद का नाम रोशन करना है। डॉ. रवीश अग्रवाल ने पिछले 26 वर्षों में विद्यालय की प्रगति की जानकारी दी। विद्यालय की छात्राओं ने प्राचीन दर्शन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य रफीका और प्रबंधक सुनील कुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिवेन्द्र नाथ चौबे, दिनेश कश्यप, नीतीश कुमार शर्मा, दिनेश, सीएल शर्मा, विकास वर्मा, धर्मेन्द्र पटेल, साधना रोहतगी, शिप्रा वर्मा, विशाखा, श्रद्धा, मंजू शर्मा, डॉ. विनोद कुमार शर्मा, प्रवेश पटेल, सौम्य शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सीटीईटी : पहला पेपर रहा सामान्य दूसरे में आए लंबे प्रश्न

कार्यालय संवाददाता, बरेली


सीटीईटी परीक्षा देकर केन्द्र से बाहर निकलते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) के दूसरे दिन रविवार को जिले के 24 केंद्रों पर शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित माहौल में सम्पन्न हुई। परीक्षा के दौरान प्रशासन ने सुरक्षा और अनुशासन को प्राथमिकता देते हुए कड़े इंतजाम किए। इसके कारण परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सकी।

रविवार को प्रथम पाली में 92 प्रतिशत उपस्थिति के साथ 11,160 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 10,290 ने परीक्षा दी। द्वितीय पाली में 93 प्रतिशत उपस्थिति के साथ 7,922 में से 7,420 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा केंद्रों से बाहर आए परीक्षार्थियों ने प्रथम पाली में प्राइमरी के पेपर को सामान्य बताया। वहीं, द्वितीय पाली में जूनियर के पेपर को अपेक्षाकृत लंबे प्रश्नों के कारण पेपर में समय कम होने की बात कही। प्रश्नों को पढ़कर समझने में अधिक समय लगने के कारण उनके लिए समय प्रबंधन चुनौतीपूर्ण रहा दोनों पालियों में परीक्षार्थियों ने परीक्षा को सामान्य स्तर का बताया।

- जिले में दूसरे दिन 24 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई सीटीईटी, 93 प्रतिशत रही प्रतिभागियों की उपस्थिति

### महिला अभ्यर्थियों से मंगलसूत्र उतरवाने पर हुआ विवाद

सीटीईटी के दौरान रविवार को बेदी इंटरनेशनल स्कूल केंद्र पर सुरक्षा जांच के समय महिला अभ्यर्थियों से मंगलसूत्र उतरवाने को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। प्रवेश से पूर्व जांच प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने नियमों का हवाला देते हुए धातु आभूषण हटाने के निर्देश दिए। इस पर महिला अभ्यर्थियों ने आपत्ति जताते हुए इसे अपनी धार्मिक और व्यक्तिगत आस्था से जुड़ा विषय बताया और विरोध दर्ज किया। इसका वीडियो भी वायरल हुआ। कुछ समय तक केंद्र के बाहर बहस की स्थिति बनी रही।